# महोबा पुलिस

दिनांक- 09.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 322/26

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 09.07.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 09.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 323/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ थाना पनवाड़ी

## थाना पनवाडी पुलिस टीम द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी द्वारा गठित टीम उ0नि0 सनय कुमार मय हमराह का0 कुलदीप शुक्ला द्वारा देखभाल क्षेत्र, विवेचना मुकदमा, मर्जुआत व पेण्डिंग अहकामात तथा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की तलाश के दौरान 01 नफर अभियुक्त पप्पू पुत्र धनीराम कुशवाहा उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम नौगांव फदना थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को नौगांव फदना रोड रपटा, ग्राम नौगांव पनवाड़ी जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 99/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। तत्पश्चात अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय महोबा के समक्ष पेश किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 सनय कुमार, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

2.का0 कुलदीप शुक्ला, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

- पप्पू पुत्र धनीराम कुशवाहा, उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम नौगांव फदना थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

### बरामदगी माल-

- 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर (नाजायज)



दिनांक- 09.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 324/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ थाना अजनर

## थाना अजनर पुलिस टीम द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शस्त्रों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, थानाध्यक्ष अजनर श्री सुभाष चन्द्र द्वारा गठित टीम उ0नि0 ऋषी शुक्ला, उ0नि0 रावेन्द्र कुमार मिश्रा व हे0का0 जयप्रकाश यादव द्वारा मुखबिर की सूचना पर बाघविराजन हार को जाने वाली मोड़ के पास, ग्राम कुड़ई थाना अजनर जनपद महोबा से एक नफर अभियुक्त मनोहर पुत्र कल्लू राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम कनौरा थाना महोबकण्ठ जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना अजनर पर मु0अ0सं0 123/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी गयी।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 ऋषी शुक्ला, थाना अजनर जनपद महोबा
2. उ0नि0 रावेन्द्र कुमार मिश्रा, थाना अजनर जनपद महोबा
3. हे0का0 जयप्रकाश यादव, थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

- मनोहर पुत्र कल्लू राजपूत, उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम कनौरा थाना महोबकण्ठ जनपद महोबा

### बरामदगी-

- 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर (नाजायज)



दिनांक- 09.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 325/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ थाना अजनर

## अवैध गांजा तस्करी पर थाना अजनर पुलिस की कार्यवाही, 01 किलो 314 ग्राम गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

उक्त अभियान के तहत थानाध्यक्ष अजनर श्री सुभाषचन्द्र द्वारा गठित टीम उ0नि0 ऋषी शुक्ला, उ0नि0 रावेन्द्र कुमार मिश्रा, का0 मुकेश सिंह, का0 राहुल अग्निहोत्री एवं कां0 अमोल कुमार द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 09.07.2026 को पुरवा पनवाड़ी मोड़ के पास से एक नफर अभियुक्त राघवेन्द्र सिंह उर्फ रग्घू राजा पुत्र हरनाथ सिंह निवासी ग्राम थुरट थाना अजनर जनपद महोबा, उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 314 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर पर मु0अ0सं0 124/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 ऋषी शुक्ला, थाना अजनर जनपद महोबा
2.उ0नि0 रावेन्द्र कुमार मिश्रा, थाना अजनर महोबा
3.का0 मुकेश सिंह, थाना अजनर जनपद महोबा
4.का0 राहुल अग्निहोत्री, थाना अजनर जनपद महोबा
5.कां0 अमोल कुमार, थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

- राघवेन्द्र सिंह उर्फ रग्घू राजा पुत्र हरनाथ सिंह निवासी ग्राम थुरट थाना अजनर जनपद महोबा, उम्र करीब 30 वर्ष

- **बरामदगी-**

  01 किलो 314 ग्राम अवैध सूखा गांजा



दिनांक- 09.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 326/26

# महोबा पुलिस

## जनपद महोबा में प्रयागराज जोन की 29 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस बैडमिन्टन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का सकुशल समापन...।

आज दिनांक 09.07.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस. एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा प्रयागराज जोन की 29वीं अन्तर्जनपदीय महिला व पुरुष बैडमिन्टन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता वर्ष-2026 का सकुशल समापन जिला क्रीड़ा स्टेडियम, जनपद महोबा में किया गया। विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों (अधिकारी/कर्मचारी) का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री तेज प्रकाश, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिव कुमार, उ0नि0 सुशील सचान, क्रीड़ा अधिकारी श्री संदीप गुप्ता सहित प्रयागराज जोन के विभिन्न जनपदों से प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी एवं टीम प्रबंधक उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि जनपद महोबा के तत्वाधान में दिनांक 07.07.2026 से 09.07.2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के अन्तर्गत आने वाले जनपदों द्वारा कुल 07 टीमों ने प्रतिभाग किया, जबकि अपरिहार्य कारणों से जनपद चित्रकूट प्रतिभाग नहीं कर सका। प्रतियोगिता के समस्त मैच जिला क्रीड़ा स्टेडियम, महोबा में सम्पन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया गया।

**विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेता जनपद/टीम का विवरण-**

- **बैडमिन्टन टीम चैम्पियनशिप पुरुष प्रतियोगिता-**
  जनपद प्रयागराज विजेता, जनपद महोबा उपविजेता।
- **बैडमिन्टन टीम चैम्पियनशिप महिला प्रतियोगिता-**
  जनपद प्रयागराज विजेता, जनपद फतेहपुर उपविजेता।
- **टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप पुरुष प्रतियोगिता-**
  जनपद प्रतापगढ़ विजेता, जनपद प्रयागराज उपविजेता।
- **टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप महिला प्रतियोगिता-**
  जनपद फतेहपुर विजेता, जनपद बांदा उपविजेता।



